Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to start construction work of ROBs in Farrukhabad Parliamentary Constituency -laid.

श्री मुकेश राजपूत (फर्रुखाबाद): वर्ष 2016 के रेल वजट में मेरे संसदीय क्षेत्र फर्रुखाबाद में चार रेल उपरिगामी सेतु स्वीकृति हुए थे जिनमें से दो पर काम चल रहा है परन्तु दो ROB का कार्य अब तक आरंभ नहीं हुआ पूर्वोत्तर रेलवे के कासगंज-फर्रुखाबाद रेल प्रखण्ड पर समपार संख्या 182 कायमगंज- रुदायन रेल मार्ग एवं रेल समपार संख्या 154 फर्रुखाबाद - फतेहगढ़ रेल मार्ग के दोनों ROB अभी तक लंबित हैं जबकि तत्कालीन मा० रेलमंत्री के पत्रांक संख्या MR/2016/BTS-ii/116 के द्वारा के हमें जानकारी दी गयी कि ये दोनों ROB 2016 के रेल बजट में स्वीकृत हो चुके हैं और जल्द ही बनने लगेगें परन्तु आज तक LC N0-154 व 182 पर किसी प्रकार का निर्माण कार्य शुरू भी नहीं हुआ है |

अतः माननीय रेल मंत्री जी से विनम्र आग्रह है कि रेल बजट 2016 में स्वीकृत दोनों ROB पर कार्य तुरंत आरंभ कराने का कष्ट करें|